भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1331

09.12.2021 को उत्तर के लिए

एचएफसी के उपयोग को बंद करने संबंधी नीति

1331 श्री सतीश चंद्र दुबे :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उपयोग को बंद करने के लिए कोई नीति बनाई है अथवा बनाने वाली है; और

(ख) यदि हां, तो पर्यावरण पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) :

15 अक्टूबर 2016 को किगाली, रवांडा में आयोजित पक्षकारों की 28वीं बैठक में किगाली संशोधन के माध्यम से मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) को नियंत्रित पदार्थों के रूप में शामिल किया गया है। भारत ने 27 सितंबर 2021 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल संबंधी किगाली संशोधन का अनुसमर्थन किया। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के किगाली संशोधन के तहत निर्णीत चरण-बद्ध रूप से समाप्त करने की अनुसूची के अनुसार एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति के माध्यम से भारत को 2032 से 4 चरणों में क्रमश: 2032 में 10%, 2037 में 20%, 2042 में 30% और 2047 में 85% की एचएफसी के उत्पादन और खपत की संचयी कमी के साथ एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करना होगा।

कम वैश्विक तापन संभावना वाली और ऊर्जा-दक्ष वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से किगाली संशोधन के तहत एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करने का कार्यान्वयन ऊर्जा दक्षता लाभ प्राप्त करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी एक "जलवायु सह-लाभ" पर लक्षित है।

*****